एसबीएस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर(उधमसिंह नगर)
SBS Government Post Graduate College Rudrapur (Udham Singh Nagar)
email : gpgc.rdr@gmail.com website: www.gpgcrudrapur.in

दिनांक:01/06/2024

स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सूचना

महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने के इच्छुक समस्त प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर (बीए, बीएससी, बीकॉम तथा बीबीए) की कक्षाओं में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 01 जून, 2024 से प्रारंभ हो गई है। आज दिनांक 01 जून, 2024 को मेरिट सूची तैयार कर महाविद्यालय की वेबसाईट https://gpgcrudrapur.in में अपलोड कर दिया गया है। अतः प्रवेशार्थी वेबसाईट से मेरिट लिस्ट को देखकर तदनुसार प्रवेश लेना सुनिश्चित करें।

साथ ही, बीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी जिनकी **इंटरमीडिएट परीक्षा में 65% या उससे अधिक अंक हैं** वे दिनांक 3 मई से 5 मई, 2024 तक प्रवेश समिति के सम्मुख उपस्थित होकर अपना प्रवेश लेना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक 6 मई, 2024 से मेरिट सूची में शामिल सभी शेष अभ्यर्थियों को प्रवेश देना प्रारम्भ किया जाएगा। इसके अलावा बीएससी बायो ग्रुप, बीएससी मैथ्स ग्रुप, बीकॉम तथा बीबीए के उन अभ्यर्थियों को जिनका मेरिट सूची में नाम शामिल हैं प्रवेश दिनांक 3 जून 2024 से दिया जायेगा।

अतः प्रवेशार्थी ऑनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र की प्रति के साथ अन्य सभी संबंधित दस्तावेज जैसे हाई स्कूल व इंटरमेडिट कक्षा का प्रमाण पत्र, अंकतालिका, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, टीसी, सीसी, आधार कार्ड की प्रति, तीन फ़ोटो पासपोर्ट साइज़, आदि सभी दस्तावेज़ के साथ प्रवेश समिति के सम्मुख उपस्थित होकर अपना प्रवेश लेना सुनिश्चित करेंगे।

महाविद्यालय में **नए प्रवेशार्थियों की सहायता हेतु हेल्पडेस्क बनाया गया है,** जहां पर तैनात किए गए प्राध्यापक प्रवेश से संबंधित जानकारी प्रवेशार्थी को उपलब्ध कराएंगे। जैसे मेजर विषय, माइनर विषय, स्किल कोर्स, कोकरिकुलर कोर्स आदि के चयन करने में हेल्प डेस्क के प्राध्यापक सहायता प्रदान करेंगे।

(डॉ. डी. सी. पंत)
प्राचार्य
एस.बी.एस. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रुद्रपुर

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner